18/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्य में शैक्षिक और खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने उद्देश्य से, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कल पासीघाट में इंडिपेंडेंट गोल्डेन जूबली गवर्मेंट हायर सेकेन्ड्री स्कूल पासीघाट के लिए नवनिर्मित स्कूल ऑडिटोरियम और फुटबॉल स्टेडियम का उद्घाटन किया। पासीघाट स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा IGJGHS स्कूल हेरिटेज पुनर्विकास पहल के तहत विकसित ये अत्याधुनिक सुविधाएं छात्रों के लिए समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता हैं। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने पासीघाट गिदी नोटको फेस्टिवल ग्राउंड में आयोजित उनयिंग आरान स्प्रिंग कार्निवल में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। अपने संबोधन में, उन्होंने इस वर्ष के उनयिंग आरान फ़ेस्टिवल की थीम 'नो हंटिंग' की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब तक इस त्योहार को शिकार उत्सव के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब आदि समुदाय को बड़े पैमाने पर शिकार के बुरे प्रभावों का एहसास होने के बाद वे एक साथ 'नो हंटिंग' का संदेश फैलाने के उद्देश्य से इस उत्सव को मना रहें हैं।

0000000000000000000000

शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री पी. डी. सोना द्वारा कल पासीघाट उनयिंग आरान उत्सव में भाग लेते हुए फ्लोरा एण्ड फौना के संरक्षण के संदेश के साथ कार्येक्रम के आयोजन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव के दौरान परंपरा को बनाए रखने और साथ ही आयोजकों द्वारा पारंपरिक उपहार देकर वन्यजीवों की रक्षा करने का विचार वास्तव में एक सराहनीय संरक्षण प्रयास है।

श्री सोना ने समृद्ध सांस्कृतिक और लोक परंपराओं के दस्तावेजीकरण पर भी जोर दिया। उत्सव में उपस्थित लोकसभा सांसद तापिर गाओ ने जैव-विविधता और वन्यजीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए सुरक्षा का आह्वान किया। श्री गाओ ने वन्यजीवों के शिकार से बचने का भी आग्रह किया क्योंकि हमारे बहुमूल्य वन्यजीव विलुप्त होने के कगार पर हैं।

000000000000000000

एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, जीरो वैली की मूल निवासी डॉ. कुरु डिंडी को प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी, आई आई टी बोम्बे महाराष्ट्र में एसिसटेंट प्रोफेसर के रूप में चुना गया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट पर डॉ. कुरु डिंडी को आई आई टी बोम्बे में शामिल होने पर बधाई दी। श्री खांडू ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य में एक अग्रणी, उन्होंने कैंसर देखभाल अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच और नीति सुधारों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

0000000000000000000000

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने कल बुमला से अपने ऊंचाई वाले फ्रंटियर लेवल साइकिलिंग अभियान, "वीरता" को हरी झंडी दिखाई। दस दिवसीय यात्रा में दस समर्पित कर्मियों की एक टीम शामिल है। जिनमें दो अधिकारी, एक सबओर्डिनेट ऑफिसर एवं सात अन्य रैंक के सदस्य शामिल है। अभियान के दौरान, ITBP की टीम स्थानीय समुदायों और स्कूली बच्चों से जुड़ेगी, जिससे क्षेत्र के निवासियों के साथ एक मजबूत संबंध विकसित होगा।

साथ ही ITBPF के गौरवशाली इतिहास को साझा करेंगे, राष्ट्र की सुरक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का प्रदर्शन करेंगे और पर्वतारोहण कौशल और इंफेंट्री वेपन्स का व्यावहारिक प्रदर्शन भी करेंगे। टीम युवाओं के बीच शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए खेल उपकरण भी वितरित करेगी, छात्रों को मार्गदर्शन करने के लिए कैरियर परामर्श सत्र आयोजित करेगी और क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाएगी।

000000000000000000000

पापुम पारे जिला स्वास्थ्य समिति की चेयरमैन और डीएमओ डॉ. रीना रोन्या द्वारा कल तिग्दो III में विशेष टीकाकरण अभियान (एसवीसी) 3.0 का शुभारंभ करते हुए कहा है कि पापुम पारे में हर बच्चे को कम से कम एक बार टीका लगाया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने एसवीसी 3.0 को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए डीआरसीएचओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं और नर्सों का आभार व्यक्त किया। अभियान का उद्देश्य टीडी10 और टीडी16 कवरेज को बढ़ाना, 95% एमआर1 और एमआर2 कवरेज हासिल करना और छह सप्ताह से एक वर्ष की आयु के सभी बच्चों को पेंटावेलेंट-1 का टीका लगाना है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के तवांग, वेस्ट कामेंग, शीयोमी, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, लोहित, नामसाई चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, इन जिलों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज़ हवाएं चलने की संभावन व्यक्त किया गया है।

0000000000000000000

आज जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में जनता आई (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रूही तागुंग को तत्काल प्रभाव से जनता आई (यूनाइटेड) का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। रूही तागुंग एक अनुभवी राजनीतिज्ञ और व्यवसायी हैं, जिन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए राज्य की सेवा की है।

0000000000000000000000

डिपार्टमेंट ऑफ सोशल वर्क राजीव गांधी यूनिर्वसिटी दोईमुख द्वारा आज "Strengthening Intergenerational Solidarity for Enduring Wellbeing." के थीम के तहत वर्लड सोशल वर्क डे, का आयोजन किया। इस दिन सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने और सामाजिक न्याय, मानवाधिकारों और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने में सामाजिक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान किया जाता है। इस कार्यक्रम का समन्वय विभाग के छात्रों द्वारा किया गया, जिसमें विभागाध्यक्ष ने स्थायी कल्याण के लिए अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

0000000000000000000